**ये कैसी जागरूकता?** डेंगू की रोकथाम के लिए शहर में मलेरिया विभाग फैला रहा है जागरूकता

## मुंह चिढ़ा रहा विक्टोरिया परिसर में भरा पानी

**मरीज, डॉक्टर्स व परिजन हो रहे परेशान**



**नवभारत,जबलपुर।** एक तरफ जिला मलेरिया विभाग द्वारा पूरे शहर में डेंगू की रोकथाम के लिए पानी एक स्थान पर जमा नहीं होने की बात को लेकर जागरूकता फैला रहा है तो दूसरी तरफ जिला अस्पताल विक्टोरिया के परिसर में दो दिनों से भरा पानी इस जागरूकता पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाता नजर आ रहा है। ताजी जो तस्वीर नवभारत के कैमरे में कैद हुई है उसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जिला अस्पताल विक्टोरिया के परिसर में बीते दो दिनों से हुई शहर में जबर्दस्त बारिश का पानी जमा हुआ है। वजह अस्पताल के ड्रेनेज सिस्टम का ठीक ढंग से रखरखाव नहीं किया गया जिस कारण पानी अस्पताल परिसर में भर गया है। और ये पानी अब डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों को निमंत्रण भी दे रहा है। गौरतलब है कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में जिला अस्पताल विक्टोरिया में मरीजों व उनके परिजनों का इलाज के लिए आना होता है। ऐसे में एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जाने के लिए भी मरीज व उनके परिजनों को परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला अस्पताल विक्टोरिया इलाज कराने आए मरीज के परिजन मोनू पटैल, सुधीर ने नवभारत को बताया कि बारिश का पानी अस्पताल परिसर में भरा हुआ है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं कराई जा रही है जिससे डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारी का भय मरीजों व उनके परिजनों को सता रहा है।

### वार्ड में जाने में हो रही दिक्कत

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल विक्टोरिया में तरह-तरह के रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स अपनी ड्यूटी करने आते हैं। अस्पताल परिसर में जमा पानी के कारण इन डॉक्टर्स को भी अपेन चैंबर से वार्ड में जाने जद्दोजहद करनी पड़ रही है। चूंकि सरकारी अस्पताल की अव्यवस्था है इसलिए विक्टोरिया के डॉक्टर्स इस मामले में कुछ कहने सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन अंदरूनी तौर पर वे भी इस अव्यवस्था से हलाकान हो रहे हैं।

## फिल्म जॉली एलएलबी-थ्री के भाई वकील है गाने को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी अभिनीत फिल्म जॉली एलएलबी-थ्री के एक गाने को चुनौती दी गई है। 19 सितंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म के ट्रेलर और गाने मेरा भाई वकील को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। जिसमें दावा किया गया है कि फिल्म में न्यायपालिका व वकालत के पेशे को अपनमानजनक तरीके से चित्रित किया गया है। इससे समूचे विधिजगत व न्यायतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंची है। मामले में नौ सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है। यह जनहित याचिका साउथ सिविल लाईन गोविंद भवन कालोनी जबलपुर निवासी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी की ओर से दायर की गई है। उन्होंने बताया कि आपत्ति का मुख्य बिंदु गाने के बोल हैं, जिनके जरिए वकालत जैसे नोबल प्रोफेशन को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। रगो में तगड़मबाजी है, हर ताले की चाबी है, लगा के सेटिंग ऐसी रखी, बॉस भी हमसे राजी है, गाड़ी ठोंक के गोली मार, पकड़ी ड्रग चली तलवार, हर केस की पैकेज डील है, फिक्र ना कर तेरा भाई वकील है, कबीरा इस संसार में, सबसे सुखी वकील, जीत गए तो मोटी फीस, हार गए तो अपील, यह शब्दावली सर्वथा अनुचित है। याचिकाकर्ता ने भाई वकील है, गाने में अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी द्वारा वकालत का बैंड पहनकर नाचने को भी मानहानिकारक निरूपित किया है। उनका तर्क है कि हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण की पैरवी के दौरान वकील बैंड लगाते हैं और गाउन पहनते हैं। इससे साफ है कि वकालत के गणवेश की अपनी महत्ता है, जिसे इस तरह मनोरंजन के नाम पर अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। याचिका में राज्य शासन, प्रमुख सचिव गृह विभाग, सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली और चेयरमैन सेंट्रल बोर्ड आफ फिल्म सर्टिफिकेशन को पक्षकार बनाया गया है।

### संपत्ति की नीलामी कर एक माह में होगा भुगतान

मप्र हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के परिपालन में भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंगलवार को हाजिर हुए। उन्होंने हलफनामे पर बताया कि संपत्ति का पता लगा लिया गया है और एक माह के भीतर उसकी नीलामी कर याचिकाकर्ता को राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कलेक्टर के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। यह अवमानना का मामला भोपाल निवासी अभिषेक तेकाम की ओर से दायर किया गया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने एक बिल्डर से ड्यूपलेक्स बुक किया था।

## जीतू पर हमले के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**सदन से सड़क तक जारी रहेगी कांग्रेस की लड़ाई: सौरभ शर्मा**



**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले के विरोध में मंगलवार दोपहर को शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेसियों ने एसपी ऑफिस में प्रदर्शन किया और पुलिस महानिदेशक मप्र के नाम एएसपी सूर्यकांत शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि प्रदेश के साथ जबलपुर में नशे के कारोबार पर रोक लगाई जाए और साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि नेता की सुरक्षा और युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए सड़क से सदन तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। जिसमें कांग्रेस का हर सिपाही अडिग और एकजुट है। साथ ही नगर अध्यक्ष ने ये भी कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर हाल ही में किए गए हमले के खिलाफ पूरे कांग्रेसियों में खासा आक्रोश है, इस हमले को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

### दुर्ग गई महिला, घर में हो गई लाखों की चोरी

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत त्रिमूर्ति नगर में चोरों ने एक सूने घर में लाखों की चोरी कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब महिला घर में ताला लगाकर दुर्ग गई हुई थी। जानकारी के मुताबिक त्रिमूर्ति नगर निवासी मधुबाला श्रीवास्तव के तीन बेटे हैं जो पुणे इंदौर और खरगोन में नौकरी करते हैं। 15 अगस्त को मां की तबीयत खराब हो गई थी जिसके चलते वह घर में ताला डालकर दुर्ग चली गई थी। मंगलवार सुबह जब वह वापिस लौटीं। दरवाजा उखाड़ मिला। अंदर जाकर देखीं तो जेवर, नगदी समेत अन्य सामान गायब मिले। चोरी गए सामान की कीमत लाखों में है।

## 34 की उम्र में 26 अपराध करने वाला शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेल्वे के खण्डहर क्वार्टर से 9 लाख के 10 वाहन जब्त, 17 स्थायी वारण्ट भी तामील कराये**



**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने 34 साल की उम्र में 26 अपराध करने वाले शातिर वाहन चोर अमित सोनी उर्फ छोटू 34 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है जिसके कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराये हुये 10 दुपहिया वाहन कीमत 9 लाख रूपये के रेल्वे स्टेशन के खण्डहर क्वार्टर से जप्त किए गए। इसके साथ ही ओमती थाने के 4, ग्वारीघाट के 3 स्थायी वारण्ट सहित कुल 17 स्थायी वारण्ट भी तामील कराये गए हैं।

गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि छोटी लाइन चौक के पास खड़ी मोटर सायकिल में एक छेड़छाड़ करते अमित सोनी उर्फ छोटू पिता राकेश सोनी उर्फ पप्पू 34 वर्ष निवासी कविता अगरबत्ती के पास शांतिनगर थाना गोहलपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर शहर के अलग अलग स्थानों से 10 दुपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराये हुये 10 दुपहिया वाहन बेचने के लिये हाऊबाग रेल्वे स्टेशन के खण्डहर क्वार्टर में रखा होना बताया। आरोपी की निशादेही पर चुराये हुये वाहन कीमती 9 लाख रूपये के जब्त किए गए। वाहन मालिकों के सम्बंध में पतासाजी की जा रही है। पकड़ा गया आरोपी अमित सोनी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके खिलाफ के चोरी, आबकारी एक्ट के 26 अपराध दर्ज है। आरोपी अमित सोनी के थाना ओमती में 4 और थाना ग्वारीघाट में 3 स्थायी वारण्ट सहित कुल 17 स्थायी वारण्ट तामील किये गये।

## 75 साल की उम्र में महिला से अश्लीलता

**आरोपित बुजुर्ग के खिलाफ एफआईआर दर्ज**



**जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र में एक 75 साल की उम्र में एक बुजुर्ग ने महिला से अश्लीलता कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक मझौली खबरा गांव में रहने वाली 43 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव में रहने वाला कालू झारिया 75 वर्षीय उस पर बुरी नजर रखता हैं। बीते कुछ वर्षों से उसके साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। बदनामी के डर से पीड़िता ने शिकायत नहीं की थी लेकिन बुजुर्ग अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। जब वह घर के बाहर हैंडपंप पर गई तो कालू झारिया पहुंच गया और उसके साथ अश्लीलता करने लगा। जिसके बाद अब पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मंगलवार को आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## त्यौहार पर व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने निगमायुक्त ने दिये निर्देश



**जबलपुर।** 5 सितम्बर को शहर में ईदमिलाद-उन-नवी त्यौहार एवं 6 सितम्बर 2025 को श्री गणेश उत्सव मनाया जायेगा। इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कार्यपालन यंत्री जल, प्रकाश, स्वास्थ्य अधिकारी, एवं सभी संभागीय अधिकारियों को आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि त्यौहार के पूर्व विसर्जन कुण्डों पर सम्पूर्ण व्यवस्था और पूरे शहर में नियमित रूप से विशेष साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ ईदगाहों एवं मस्जिदों के बाहर, पहुंच मार्गो पर, सभी व्यवस्थाएँ बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाये। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है, कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुश्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखेगें। नगर निगम द्वारा मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था कराई है।

## किशोर कुमार होंगे नए डायरेक्टर

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे प्रशासन द्वारा मंगलवार को अचानक परिचालन विभाग में बड़े बदलाव किये हैं। इसमें जबलपुर, भोपाल व कोटा के स्टेशन डायरेक्टर का तबादला कर दिया गया। इनके स्थान पर हाल ही में विभागीय पदोन्नति से ग्रुप अधिकारियों को मौका दिया गया है। जबलपुर स्टेशन के डायरेक्टर संजय शर्मा को जबलपुर रेल मंडल के एसीएम (गुड्स) के पद पर स्थानांतरित किया गया है, जबकि प्रमोशन पाये किशोर कुमार दीवारे को जबलपुर स्टेशन डायरेक्टर के पद पर पोस्टिंग की गई है।

**अन्य जगह भी हुए तबादले**

पमरे ने किशोर कुमार दीवारे चीफ कंट्रोलर जबलपुर को एलजीएस कोटा से एओएम में प्रमोशन के बाद जबलपुर स्टेशन डायरेक्टर नरेंद्र सिंह एसएस मैहर को एलजीएस कोटा से एओएम में प्रमोशन के बाद एरिया आफीसर सतना, विष्णु कुमार प्रजापति चीफ मूवमेंट इंस्पेक्टर जबलपुर को एलजीएस कोटा से एओएम में प्रमोशन के बाद एटीएम (गुड्स) पमरे मुख्यालय, जबलपुर हंसराज बैरवा एसएस कोटा को एलजीएस कोटा से एओएम में प्रमोशन के बाद एटीएम गुड्स, हेडक्वार्टर जबलपुर, जगन्नाथ मीणा एसएस पिपरिया को एलजीएस कोटा से एओएम में प्रमोशन के बाद एरिया आफीसर इटारसी, बाबूलाल मीणा कंट्रोलर कोटा को एलजीएस कोटा से एओएम में प्रमोशन के बाद स्टेशन डायरेक्टर भोपाल बनाया गया है।

## रंगदारी नहीं देने पर चाकूबाजी वृद्ध और युवक घायल

**जबलपुर।** विजय नगर एवं मझौली थाना क्षेत्र में रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने चाकूबाजी करते हुए वृद्ध और युवक को घायल कर दिया। मझौली पुलिस के मुताबिक रवि प्रकाश गर्ग 60 वर्ष निवासी काकरदेही मझौली ने रिपोर्ट दज कराई कि उसकी रानीताल में अनाज गल्ला खरीदने बेचने की दुकान है। बीती रात 10 बजे अपनी दुकान बंद करके रोजाना की तरह अपनी साईकिल से अपने घर जा रहा था जैसे ही देवनगर के आगे नवनीत राय वेयर हाउस एवं माता पिता वेयर हाउस के बीच मेन रोड़ में सूनसान जगह पर पहुँचा देवनगर तरफ से एक मोटर सायकल में 2 व्यक्ति आये और उसकी साईकिल के आगे मोटर सायकल लगाकर रोककर उससे 1 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से हमला कर भाग गए। इसी प्रकार विजय नगर थाने में मोहित ठाकुर 21 वर्ष निवासी कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई राहुल ठाकुर काम से दीनदयाल चौक होते हुए अपने घर आ रहा था जैसे दीनदयाल से थोड़े आगे पहुंचा तो छोटू गोटिया अपने एक अन्य साथी के साथ मिला एक हजार रूपए मांगने लगा मना किया तो मारपीट की, छोटू ने चाकू से वार कर दिया जिससे उसे चोटें आ गई।

## कलेक्टर-एसपी पहुंचे गणेश विसर्जन स्थल



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ श्री गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हनुमानताल, आधारताल के तालाब, तिलवारा तथा भटौली के विसर्जन स्थल पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विसर्जन स्थलों में व्यवस्था के संबध आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा गया कि विसर्जन घाटों की साफ सफाई, विसर्जन स्थल तक पहुंच मार्ग का दुरूस्तीकरण, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, नाविकों की व्यवस्था, विसर्जन स्थल पर पार्किंग व्यवस्था यथा सम्भव सम्बंधित विभाग से संपर्क कर त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करा लें ताकि विसर्जन के दिन किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस अवसर नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर-अपराध जितेन्द्र सिंह, तथा नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव, उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढा बैजनाथ प्रजापति तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम के खिलाफ आज कांग्रेस पार्षद दल देगा धरना

**जबलपुर।** कांग्रेस पार्षद दल आज निगम मुख्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना देने की तैयारी में है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में पी.डब्ल्यू.डी. के सारे कार्य बंद पड़े हैं। शहर की अधिकांश बोरिंगें बंद पड़ी हैं जिससे क्षेत्रवासियों को पेयजल की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। गणेश पर्व चल रहा है और ईद मिलाद उन नबी का पर्व नजदीक है। संभाग क्रमांक 1, 2, 3, 4, 10, 14 एवं 15 के अंतर्गत आने वाले वार्डों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। वर्तमान कि यह स्थिति है कि गणेश पंडालों के आसपास मूलभूत व्यवस्थाओं के लिये जनता को परेशान होना पड़ रहा है। इन सभी गंभीर समस्याओ को लेकर कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा बुधवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सांकेतिक धरना प्रदर्शन निगम मुख्यालय के समक्ष दिया जायेगा।

## 30 तक करदाताओं को बकाया करों के भुगतान पर मिलेगी अधिभार में छूट: प्रीति

**1 अक्टूबर से बकाया करों की राशि पर लगेगा अतिरिक्त अधिभार**

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा करों की राशि जमा करने पर छूट का लाभ देने की व्यवस्था 30 सितम्बर तक की गईं है। इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पूरे राजस्व अमले को निर्देशित किया है कि 30 सितम्बर तक छूट संबंधी जानकारियाँ करदाताओं को दें और उन्हें उसका लाभ भी पहुँचाएँ। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि शासन द्वारा जारी गाईड लाइन के अनुसार 30 सितम्बर तक बकाया करों की राशि पर लगे अधिभार में छूट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने शहर के ऐसे सभी करदाताओं से जिन्होंने अभी तक बकाया करों की राशि नगर निगम में जमा नहीं किये हैं उनसे अपील की है कि 30 सितम्बर तक समस्त बकाया करों की राशि जमा कर, दी गई छूट का लाभ उठाएँ। सितम्बर माह के शुरूआत में ही 2252 करदाताओं ने छूट का लाभ लेते हुए बकाया करों की राशि के रूप में 54 लाख 37 हजार रूपये से अधिक की राशि निगम खजाने में जमा की। उन्होंने बताया कि करदाताओं ने संपत्तिकर में 42 लाख 65 हजार, जलकर में 9 लाख 15 हजार एवं डोर टू डोर में 2 लाख 56 हजार रूपये से अधिक की राशि जमा की है।

**एक तरफा प्रेम के चलते घर में घुसकर कुल्हाडी से वार कर की थी हत्या**

## किशोरी की हत्या करने वाला सनकी आशिक गिरफ्तार



**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र में पांच अगस्त को एक तरफा प्रेम के चलते 15 वर्षीय किशोरी के घर में घुसकर कुल्हाडी से तीन वार कर हत्या करने वाले ईनामी आरोपित को गिफ्तार कर लिया है। अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि पांच अगस्त को 19 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राकेश रैकवार उसकी 15 वर्षिय छोटी बहन से इकतरफा प्यार करता था। कुछ दिन पहले राकेश रैकवार ने उसकी मम्मी से कहा था कि तुम्हारी लडकी से शादी करना चाहता हूँ तो मम्मी ने समझाया था कि तुम्हारी और हमारी जाति अलग है, शादी नही हो सकती। राकेश बोला यदि तुम्हारी बेटी मेरी नही हुई तो मैं किसी और की नही होने दूंगा, इसी बात को लेकर राकेश रंजिश रखता था। चार अगस्त की देर रात्रि राकेश घर में घुस गया और कुल्हाडी से तीन वार कर उसकी बहन की हत्या कर भाग गया था। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आरोपी की गिरफ्तारी पर दस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एस.डी.ओ.पी. पाटन लोकेश डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर लगाई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी राकेश रैकवार पिता इमरत रैकवार 22 वर्ष निवासी ग्राम सकरा पाटन को पकडा गया जिसने पूछताछ पर घटना करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त कुल्हाडी को जप्त कर प्रकरण में आरोपी के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये जेल निरूद्ध किया गया।

**एसडीएम कुंडम ने किया स्कूल का निरीक्षण, दिए निर्देश**

### सहायक शिक्षक दो दिन से अनुपस्थित, कारण बताओ नोटिस जारी

**जबलपुर।** एसडीएम कुंडम सुश्री प्रगति गणवीर ने बैरागी स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक मोहम्मद आरिफ खान बिनाअनुमति एवं सूचना के निरंतर दो दिवस से अनुपस्थित पाए जाने के कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए प्रधानपाठक को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## बंदी की मौत, होगी न्यायिक जांच

**जबलपुर।** बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अब मामले की न्यायिक जांच होगी। उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि दंडित बंदी मगन कोरी पिता स्व. लल्लूराम कोरी 75 वर्ष स्व. लल्लूराम कोरी निवासी पड़रिया (भर्दा) पनागर को धारा 307 के प्रकरण में पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा हुई थी। जिसका स्वास्थ्य खराब होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। पैरामेडिक स्टाफ द्वारा सांस लेने में तकलीफ, बुखार, उल्टी की समस्या बताई थी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है।

### पूर्व सरपंच ने लगाई फांसी

सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम डूंडी में पूर्व सरपंच ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक संतोष कुमार पटैल 42 वर्ष निवासी ग्राम डूंडी सिहोरा ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है मंझला भाई बाबूलाल पटैल 40 वर्ष अलग मकान में रहता था जो चार दिन पहले घर आया था मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे बाबू लाल पटैल के घर के पास बगीचा में घूमता रहा इसके बाद रामदुलारे उपाध्याय के खेत में लगे नीम के पेड़ से भाई ने फांसी लगा ली। मृतक पूर्व सरपंच है जिसने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों उठाया इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत में मिली लाश

खमरिया थाना क्षेत्र में एक युवक की लाश खेत में पड़ी मिली। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक शंकर सिंह गौड़ 19 वर्ष निवासी लालमाटी टोला उमरिया ने सूचना दी कि मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे यशवंत सिंह गोंड़ 22 वर्ष का शव रमेश गोंड़ के खेत में साजा के पेड़ के नीचे पड़ा मिला। यशवंत के गले में नायलोन की रस्सी लगी हुयी थी।